# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– स्वस्थ भारत निर्माण के लिए सरकार प्रतिबद्ध, पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और किफायती बनाने के लिए कई कदम उठाए गए।
- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का झारखंड दौरा, रांची में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कई कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन–आंदोलन बनाने के लिए तैयारियां तेज, 21 जून को राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर होंगे कार्यक्रम ।
- सरायकेला के कुकुड़ू नक्सली घटना के सात साल पूरे, शहीद जवानों को किया जा रहा याद, दुगनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन।
- 18वीं झारखंड राज्य सब–जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का सरायकेला में उद्घाटन, बाइस जिलों से आए 165 खिलाड़ी ले रहे भाग।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और किफायती बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टेंट और घुटने के प्रत्यारोपण की कीमतें कम होने से मरीजों को लाभ हुआ है। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों और सीटों की संख्या बढ़ने से डॉक्टर बनने के अवसर भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए आगे भी लगातार काम करती रहेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में  सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष कार्यक्रम के तहत पदयात्रा, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण जैसे जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज रांची पहुंचे। उन्होंने तेतर टोली तालाब के समीप आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इसके साथ ही उन्होंने तालाब परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया और साफ–सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री कई अन्य कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

*******************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के बारह साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ निरंतर सेवा दे रहे हैं। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंनें भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प दोहराया । कहा कि इसके लिए योजनाओं को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा इसमें जन सहभागिता रहेगी।

*******************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्तदान किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का सर्वाधिक प्रभावी और पावन अवसर है। उन्होंने रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है– मानवता की एक बूंद– रक्तदान करें, जीवन बचाएं।

*******************

झारखंड के सभी जिलों और प्रखंडों में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निःशुल्क ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन जांच के साथ रक्तदान शिविर, जागरूकता कार्यक्रम, शपथ समारोह और स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है । इधर सिमडेगा में सिविल सर्जन डॉ श्याम सुंदर सामद ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रक्तदान महादान का संदेश देते हुए समाज को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया

*******************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक सह आयुष निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2026 को जन–आंदोलन बनाने के लिए 21 जून को राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम होंगे। स्कूल, कॉलेज, पार्क, वृद्धाश्रम, अस्पताल, पुलिस स्टेशन और सरकारी संस्थानों में कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, पुलिस, एनसीसी कैडेट, आंगनबाड़ी सेविकाएं और आम नागरिक शामिल होंगे। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है ।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

सरायकेला–खरसावां में कुकुड़ू साप्ताहिक हाट में नक्सली हमले में शहीद हुए पांच पुलिसकर्मियों की स्मृति में आज पुलिस केंद्र, दुगनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी सहित जिले के सभी वरीय एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चौदह जून 2019 को कुकुड़ू हाट परिसर में नक्सली हमले मे एक एएसआई समेत पांच पुलिसकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे।

*******************

जमशेदपुर में टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने एक बड़ी चोरी की घटना को विफल करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में तांबे की केबल बरामद की गई है, जिसे कथित तौर पर प्लांट परिसर से चोरी कर बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।

*******************

धनबाद जिले में किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। बलियापुर क्षेत्र में जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में उर्वरक, बीज और कीटनाशी दुकानों की जांच के दौरान एक प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।बिना लाइसेंस चल रही उर्वरक–बीज दुकान को कृषि विभाग ने सील किया

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार 300 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 52 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रामगढ़ जिला स्थित सिदो–कान्हू मैदान में 21वीं उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आईजी ने कहा कि खेल केवल जीत–हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का सबसे बड़ा पाठ भी सिखाता है।

*******************

झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में सरायकेला खरसावां में 18वीं झारखंड राज्य सब–जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के 22 जिलों से आए 165 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं

******************